28/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई है। सुबह जब लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके और अन्य विपक्षी दलों ने एक प्रमुख व्यापारिक समूह के खिलाफ कथित रिश्वतखोरी के आरोपों सहित कई मुद्दों पर हंगामा किया। स्थगन के बाद 12 बजे राज्यसभा की कार्यवाही फिर से शुरू हुई। कांग्रेस, डीएमके, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी और अन्य दल के सदस्यों ने हंगामा जारी रखा, जिसके बाद सदन को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे जब लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई, तब विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोबीच आ गए। लोक सभा अध्यक्ष ने सदस्यों से सदन की गरिमा बनाए रखने का आग्रह किया। इसके बाद सदन को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया।इससे पहले, हाल ही में हुए उपचुनावों में विजयी कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और रवींद्र वसंतराव चव्हाण ने लोकसभा में सांसद के रूप में शपथ ली।

0000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के पर्यटन के लिए भविष्य की दृष्टि, राज्य को एक प्रमुख वैश्विक पर्यटक स्थल के रूप में स्थापित करना है। ये बात श्री खांडू ने बुधवार को असम में 12वे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मार्ट (आई टी एम) के उद्‌घाटन समारोह मे कही। श्री खांडू ने कहा कि यह कार्यक्रम हितधारकों को जोड़ने, साझेदारी को बढ़ावा देने और क्षेत्र की अनूठी पेशकशों को दृश्यता प्रदान करके पूर्वोत्तर के पर्यटन पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

उन्होने कहा कि इस तरह के आयोजन पूर्वोत्तर राज्यों  के बीच एकता और सहयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ क्षेत्र को एक सुसंगत गंतत्व के रुप में बनाने में भी सहयोग देते है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले दस वर्षों में अरुणाचल में पर्यटकों की संख्या में दो सौ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है, जो साबित करता है कि राज्य ने पर्यटन क्षेत्र में बहुत तेजी से प्रगति की है।

0000000000000000000

राज्य के कृषि मंत्री गेब्रियल डी वांगसू ने नवीन कृषि-वानिकी प्रथाओं का पता लगाने और पर्यावरण संरक्षण को मजबूत करने के लिए मध्य प्रदेश के जबलपुर में उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान (टी एफ़ आर आई) में भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद (आई सी एफ़ आर ई) का दौरा किया। अरुणाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश की साझा विरासत पर प्रकाश डालते हुए श्री वांगसू ने कहा कि दोनों राज्य समृद्ध आदिवासी समुदायों और जैव विविधता का घर है। उन्होंने कहा कि ये समानताए हमें आज यह जानने के लिए यहां लाई है कि मध्य प्रदेश में किए जा रहे प्रयास किस तरह से वन संरक्षण और पारिस्थितिकी तंत्र संतुलन में आदिवासियों के भागीदारी को प्रोत्साहित कर रहे है। श्री वांगसू और उनकी टीम ने संस्थान की प्रयोगशालाओं और प्रमुख अनुसंधान केंद्रों का भी दौरा किया और महत्वपूर्ण परियोजनाओं के बारे में जानकारी हासिल की।

0000000000000000000000

केंद्र ने अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे - 913 के लिए अट्ठाईस हजार दो सौ उनतीस करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है जो एक हजार छह सौ तिरासी गांवो को जोड़ेगा। मैक मोहन लाइन के समानांतर बन रहा राष्ट्रीय राजमार्ग दो हजार सत्ताईस तक पूरा हो जाएगा। सीमा सड़क संगठन के मुख्य अभियंता और परियोजना ब्रम्हांक के हेड सुभाष चंद्र लुनिया ने बताया कि राजमार्ग का निर्माण भारत - तिब्बत - चीन - म्यांमा सीमा पर किया जा रहा है और सड़क परियोजना एल ए सी और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से बीस किलोमीटर की दूरी पर होगी। आलो में एक समाचार एजेंसी से बात करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि यह बोमडीला से शुरु होकर नफरा, हुरी और मोनिगोंग कस्बो से गुजरेगा, जो एल ए सी या मैक मोहन लाइन के करीब है और भारत - म्यांमा सीमा के पास विजयनगर में समाप्त होगा।

0000000000000000

केंद्रीय संचार ब्यूरो के ईटानगर क्षेत्रीय कार्यालय ने देरानातुंग राजकीय महाविद्यालय में गत छब्बीस से अट्ठाईस नवंबर तक 'विकसित भारत' विषय पर तीन दिवसीय एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य विकसित भारत के निर्माण की दिशा में भारत सरकार की पहल और प्रयासों के बारे में जनता के बीच जागरुकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में छात्रों, संकाय सदस्यों और विभिन्न हितधारको की सक्रिय भागीदारी देखी गई। जाग़रुकता अभियान के दौरान स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया।

कार्यक्रम का समापन अंतर-कॉलेज एक्सटेम्पोर स्पीज प्रतियोगिता और लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ हुआ। सी बी सी क्षेत्रीय कार्यालय ने आम जनता के उत्थान के उद्देश से केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को प्रदर्शित करने वाली एक फोटों प्रदर्शनी का भी आयोजन किया।

0000000000000

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सोशल मीडिया की अश्लील सामग्री पर अंकुश के लिए मौजूदा क़ानूनों को और अधिक सख़्त बनाए जाने की ज़रूरत है। श्री वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि सोशल मीडिया प्रेस की स्वतंत्रता का बहुत बड़ा माध्यम है, लेकिन संपादकीय नियंत्रण न होने के कारण इस पर अश्लील सामग्री का प्रसारण भी होता है। ओटीटी सामग्री के बारे में श्री वैष्णव ने कहा कि ये प्लेटफॉर्म जिन देशों से आए हैं, उनकी और भारत की संस्कृति में बहुत अंतर है। उन्होंने कहा कि संसदीय समिति को इस मामले को देखना चाहिए। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी नियमावली को में ओटीटी मंचों के लिए आचार-संहिता बनाई है। इसमें ऐसी किसी भी सामग्री के प्रसारण की अनुमति नहीं है जो कानूनन प्रतिबंधित हो। ओटीटी के लिए यह प्रावधान भी है कि वे ऐसी सामग्री के प्रसारण में पर्याप्त ध्यान रखेंगे जो बच्चों के देखने के लिए उपयुक्त न हो। श्री वैष्णव ने बताया कि इस वर्ष मार्च में, मंत्रालय ने अश्लील और अभद्र सामग्री प्रसारित करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्मों को बंद करवा दिया है।

0000000000000000000000

पापुम पारे जिले के पापु हिल से गत जून महीने में बचाए गए एक छोटा युवा भारतीय सिवेट नर को अनुकूलन के लिए रिलीज साईट पर सफलतापूर्वक स्थानांतरित कर दिया गया है। बचाव के दौरान सिवेट का उम्र लगभग दो महीने का अनुमान किया गया था। सिवेट को पाके - केसांग जिले में भालू पुनर्वास और संरक्षण केंद्र (CBRC) में पुनर्वासित किया जा रहा है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय पशु कल्याण कोष के सहयोग से पाके टाइगर रिजर्व और वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रुप से संचालित किया जा रहा है। सी बी आर सी में स्थानांतरित करने से पहले जून में सिवेट को ईटानगर के बायोलोजिकल पार्क में रखा गया था।

0000000000000000000000

एन एफ आर के प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुभेंदु कुमार चौधरी का शव तीन दिन बाद बुधवार को घटना स्थल से बीस किलोमीटर नीचे की ओर मिला। श्री चौधरी गत रविवार दोपहर से लापता थे, जब वे लोहित जिले में परशुराम कुंड के पास लोहित नदी की तेज धाराओं में बह गए थे।

000000000000000